भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †105

सोमवार, 3 फरवरी, 2025/14 माघ, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

जम्मू-कश्मीर में पर्यटन में उछाल

†105. श्री बलवंत बसवंत वानखडेः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने जम्मू और कश्मीर में पर्यटन में वृद्धि के आर्थिक प्रभाव का आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

ख) सरकार द्वारा कश्मीर घाटी और जम्मू डिवीजन दोनों के लिए पर्यटन में इस वृद्धि को बनाए रखने और आगे बढ़ाने के लिए उठाए गए विशिष्ट कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या पर्यटकों की बढ़ती संख्या को समायोजित करने के लिए पर्यावरण-अनुकूल परियोजनाओं सहित अवसंरचना में और अधिक सुधार तथा सतत् पर्यटन पहलों को शुरू करने की कोई योजनाएं हैं; और

(घ) यदि हां, तो इन परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और इनके पूरा होने की संभावित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): जम्मू और कश्मीर में पर्यटन में वृद्धि के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए पर्यटन मंत्रालय द्वारा ऐसा कोई अध्ययन नहीं कराया गया है।

(ख) से (घ): पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता' नामक योजनाओं के अंतर्गत जम्मू और कश्मीर सहित देश में विभिन्न पर्यटन गंतव्यों पर पर्यटन संबंधी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों/केन्द्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटन और गंतव्य केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन स्थलों को विकसित करने के उद्देश्य से अपनी स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के नाम से नया रूप दिया है।

पर्यटन मंत्रालय ने एसडी 2.0 के तहत जम्मू और कश्मीर में बशोली को एक गंतव्य के रूप में चिह्नित किया है।

जम्मू और कश्मीर में उक्त योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

****

अनुबंध

श्री बलवंत बसवंत वानखडे द्वारा जम्मू-कश्मीर में पर्यटन में उछाल के संबंध में दिनांक 03.02.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †105 के भाग (ख) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

जम्मू और कश्मीर में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**परिपथ/ स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**
1.	जम्मू और कश्मीर	हिमालयन परिपथ 2016-17	जम्मू-श्रीनगर-पहलगाम-भगवती नगर-अनंतनाग-सलामाबाद उरी-कारगिल-लेह का विकास	77.33
2.	जम्मू और कश्मीर	हिमालयन परिपथ 2016-17	जम्मू-राजौरी-शोपियां-पुलवामा में पर्यटक सुविधाओं का विकास।	81.60
3.	जम्मू और कश्मीर	हिमालयन परिपथ 2016-17	पर्यटक सुविधाओं का विकास - पीएम विकास पैकेज के तहत 2014 में बाढ़ में नष्ट हुई परिसंपत्तियों के बदले परिसंपत्तियों का निर्माण	90.43
4.	जम्मू और कश्मीर	हिमालयन परिपथ 2016-17	मंतलाई और सुधमहादेव में पर्यटक सुविधाओं का विकास	91.99
5.	जम्मू और कश्मीर	हिमालयन परिपथ 2016-17	अनंतनाग-पुलवामा-किश्तवाड़-पहलगाम-ज़ांस्कर पदुम-दक्सुम-रणजीत सागर बांध में पर्यटक सुविधाओं का विकास	86.39
6.	जम्मू और कश्मीर	हिमालयन परिपथ 2016-17	गुलमर्ग-बारामूला-कुपवाड़ा-करगिल-लेह में पर्यटक सुविधाओं का विकास	91.84

जम्मू और कश्मीर में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजना का विवरण:

(करोड़ रु. में)

परियोजना का नाम	**स्वीकृति वर्ष**	**अनुमोदित लागत**	**जारी की गई राशि**	**जिला**
हजरतबल दरगाह में विकास	2016-17	40.46	34.30	श्रीनगर

****